
ई-न्यूज
24 न्यूज अपडेट
WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, सोमवार 29 सितम्बर 2025
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com
वर्ष 2 अंक 162

राजस्थान के नागौर में धरती के नीचे मिला सफेद सोने का इतना बड़ा खजाना.. चीन का होगा गेम ओवर



24 न्यूज अपडेट

चीन का रेयर अर्थ मिनरल्स पर एकछत्र राज के दिन अब जाने वाले हैं. चीन से तनातनी के बाद भारत ने भी ऐसे मिनिरल्स की खोज देश में बढ़ा दी है. उसका नतीजा भी देखने को मिल रहा है. राजस्थान के नागौर के डेगाना क्षेत्र में लिथियम का बहुत बड़ा भंडार मिला है. मौजूदा दौर में इस खनिज को व्हाइट गोल्ड भी कहा जाता है. इसे देश का अब तक का सबसे बड़ा भंडार माना जा रहा है. खास बात ये है कि भारत अभी अपनी लिथियम की जरूरत पूरी करने के लिए चीन पर ही निर्भर है. उसे अपनी जरूरत का 70-80 फीसदी हिस्सा चीन से ही मंगाना पड़ता है. लेकिन इतने बड़े भंडार के मिलने के बाद अब ड्रैगन पर भारती की निर्भरता खत्म होने वाली है.

सबसे बड़ी बात यह है कि केंद्र सरकार के खान मंत्रालय ने लिथियम भंडार की नीलामी प्रक्रिया भी शुरू कर दी है. निविदा दस्तावेज 23 सितंबर से बिक्री के लिए उपलब्ध हैं और जमा कराने की अंतिम तिथि 1 दिसंबर 2025 तय की गई है.

लिथियम का आकलन 14 मिलियन टन

भारतीय भूगर्भ सर्वेक्षण के अनुसार यहां मिले लिथियम का आकलन 14 मिलियन टन तक किया गया है. इतना बड़ा भंडार भारत की कुल मांग का लगभग 80 प्रतिशत पूरा करने की क्षमता रखता है. इस खोज से भारत लिथियम के मामले में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा सकता है. लिथियम बैटरी निर्माण, इलेक्ट्रिक वाहनों और परमाणु ऊर्जा संयंत्रों के लिए बेहद अहम है. डेगाना में खनन शुरू होने से चीन पर निर्भरता कम होगी और देश की रणनीतिक स्थिति भी मजबूत होगी.

रेवंत की पहाड़ियां में मिला था टंगस्टन

डेगाना की रेवंत पहाड़ियां पहले से खनिज संपदा के लिए जानी जाती रही हैं. ब्रिटिश शासनकाल में 1914 में यहां टंगस्टन की खोज हुई थी. आजादी से पहले देश में उत्पादित टंगस्टन का इस्तेमाल प्रथम विश्व युद्ध के दौरान ब्रिटिश सेना की युद्ध सामग्री बनाने में किया गया था. लंबे समय तक टंगस्टन का खनन चलता रहा लेकिन बाद में बंद हो गया. अब इन्हीं पहाड़ियों में लिथियम भंडार की पुष्टि ने इसे एक बार फिर सुर्खियों में ला दिया है.

भारत में और कहां-कहां लिथियम

नागौर के अलावा देश में जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले के सलाल-हैमाना क्षेत्र में 5.9 मिलियन टन लिथियम स्टॉक मिला है. छत्तीसगढ़ के कोरबा में देश की पहली लिथियम खान की नीलामी हो चुकी है और खनन कार्य शुरू होने की प्रक्रिया में है. कर्नाटक के मांड्या जिले में 14,100 टन का भंडार मिला है. इसके अलावा बिहार, ओडिशा, झारखंड, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और गुजरात में भी लिथियम भंडार की संभावनाएं जताई जा रही हैं. लेकिन अभी तक किसी भी राज्य में खनन शुरू नहीं हो पाया है.

लिथियम को 'व्हाइट गोल्ड' कहा जाता है. मोबाइल, लैपटॉप, इलेक्ट्रिक वाहनों और रिचार्जेबल बैटरियों में इसका इस्तेमाल होता है. भारत जैसे देश में जहां ईवी सेक्टर तेजी से बढ़ रहा है, वहां इसकी मांग लगातार बढ़ रही है. डेगाना में खनन शुरू होने से प्रदेश के राजस्व और रोजगार के अवसरों में भी बड़ी बढ़ोतरी होगी.

राजस्थान की धरती से लिथियम उत्पादन शुरू होना केवल प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए गेम चेंजर साबित हो सकता है. इससे भारत न सिर्फ आयात पर निर्भरता कम करेगा बल्कि वैश्विक स्तर पर भी लिथियम बाजार में अपनी स्थिति मजबूत करेगा.

मोबाइल नंबर की तरह गैस कंपनी भी बदल सकेंगे:अभी केवल डीलर बदलने की सुविधा



24 न्यूज अपडेट

जल्द ही आप मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी की तरह अपना गैस कनेक्शन भी किसी भी कंपनी में बदल सकेंगे। पेट्रोलियम एंड नेचुरल गैस रेगुलेटरी बोर्ड (PNGRB) ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। इससे कंज्यूमर्स को ज्यादा चॉइस मिलेगी और सर्विस बेहतर होगी।

अभी डीलर बदल सकते हैं, लेकिन कंपनी नहीं

यूपीए सरकार ने अक्टूबर 2013 में 13 राज्यों के 24 जिलों में LPG कनेक्शन की पोर्टेबिलिटी की पायलट योजना शुरू की थी। जनवरी 2014 में इसे 480 जिलों तक विस्तारित किया।

लेकिन उसमें आप उसी कंपनी के अंदर डीलर बदल सकते थे। मसलन, अगर आप इंडेन गैस के कस्टमर हैं, तो अन्य कंपनी में जाना मुमकिन नहीं था।

ऐसा इसलिए था क्योंकि नियमों के मुताबिक सिलेंडर सिर्फ उसी कंपनी से रिफिल कराया जा सकता है, जिसने उसे जारी किया हो।

नई व्यवस्था में अब ये पुरानी लिमिट हटाई जाएगी। PNGRB इंटर-कंपनी पोर्टेबिलिटी ला रहा है। इसमें आप किसी भी कंपनी में स्विच कर पाएंगे।

सेंसेक्स 62 अंक गिरकर 80,364 के स्तर पर बंद:निफ्टी 20 अंक टूटा; मीडिया शेयर्स 1% गिरे, सरकारी बैंक सेक्टर करीब 2% चढ़ा



24 न्यूज अपडेट

हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार, 29 सितंबर को शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। सेंसेक्स 62 अंक गिरकर 80,364 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में 20 अंक की गिरावट रही, ये 24,634 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 16 शेयर्स में तेजी और 14 शेयर्स में गिरावट रही।

कारोबार के दौरान सेंसेक्स में ऊपरी स्तर से करीब 500 अंक और निफ्टी में डे हाई से लगभग 150 अंक की गिरावट देखने को मिली। वहीं सुबह सेंसेक्स में 400 अंक और निफ्टी में 130 अंक की तेजी रही थी।

NSE के मीडिया सेक्टर में सबसे ज्यादा करीब 1% की गिरावट देखने को मिली। ऑटो, IT, फार्मा और प्राइवेट बैंक सेक्टर के शेयरों में भी गिरावट रही। वहीं सरकारी बैंक सेक्टर करीब 2%, ऑयल एंड गैस और रियल्टी सेक्टर में 1% से ज्यादा की तेजी देखने को मिली।

यूपी में 39 करोड़ बीमा के लिए पिता का मर्डर:मां की भी हत्या की; पत्नी की मौत के बाद भी इंश्योरेंस के 80 लाख लिए



24 न्यूज अपडेट

हापुड़ से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक युवक ने दोस्त के साथ मिलकर माता-पिता की हत्या कर दी, फिर उनकी मौत को सड़क हादसा दिखाया। 2017 में उसने मां की हत्या की और उनके नाम पर एक कंपनी से 22 लाख रुपए बीमा क्लेम वसूला। एक साल पहले उसने पिता की हत्या की और बीमा कंपनियों से 39 करोड़ रुपए का क्लेम किया।

एक कंपनी ने उसे डेढ़ करोड़ रुपए भी दे दिए, लेकिन निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी ने पैसे देने से पहले जांच शुरू की। जांच में सामने आया कि आरोपी ने अलग-अलग जगहों से 50 से अधिक बीमे करवाए थे। कंपनी ने गहराई से पड़ताल की तो पता चला कि पिछले 8 साल में उसकी पत्नी और माता-पिता की मौत अलग-अलग हादसों में दिखाई गई थी।

इसके बाद शक और गहरा हो गया। कंपनी ने पिता की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और अस्पताल रिकॉर्ड की मिलान की। दोनों रिपोर्ट में चोटें भी आपस में मेल नहीं खा रही थीं। शक के आधार पर कंपनी ने हापुड़ में मुकदमा दर्ज कराया।

पुलिस ने रविवार को आरोपी विशाल सिंघल और उसके दोस्त को गिरफ्तार किया। विशाल से सख्ती से पूछताछ की। इसमें उसने माता-पिता की हत्या का जुर्म कबूल कर लिया। अब पुलिस उसकी पत्नी की मौत की भी जांच कर रही है। दरअसल, पत्नी की मौत के बाद भी उसने बीमा कंपनी से 80 लाख रुपए लिए थे। दोनों आरोपी मेरठ के रहने वाले हैं।

पूरा मामला जानिए

मेरठ के गंगानगर के रहने वाले मुकेश सिंघल फोटोग्राफर थे। उनकी मेरठ बाजार में फोटो स्टूडियो था। उनकी पत्नी प्रभा देवी हाउसवाइफ थीं। उनका इकलौता बेटा विशाल है। FIR के मुताबिक, 2024 में आरोपी ने 39 करोड़ रुपए का बीमा क्लेम किया।

इसमें बताया गया कि उसके पिता मुकेश सिंघल की हादसे में मौत हो गई। 27 मार्च 2024 को दोपहर गढ़ गंगा से लौटते वक्त अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिसमें उनकी मौत हो गई। बीमा की राशि देने से पहले कंपनी ने जांच शुरू की।

इसमें पता चला कि 8 साल में उसकी पत्नी, मां और पिता की मौत हुई। 2016 में उसकी पत्नी और 2017 में मां की मौत हुई। उसे पत्नी की मौत के बाद 80 लाख और मां की मौत के लिए 22 लाख रुपए मिले। इसके बाद कंपनी ने गहराई से जांच शुरू की। पता चला कि आरोपी ने क्लेम में पत्नी और मां की मौत सड़क हादसे के कारण बताई थी।

पिता के नाम पर 50 से अधिक बीमा करवाया था

कंपनी के एआर (अधिकृत प्रतिनिधि) संजय कुमार ने बताया- जांच में पता चला कि मुकेश सिंघल निवा बूपा के साथ-साथ टाटा एआईजी, मैक्स लाइफ, टाटा एआईए, आदित्य बिड़ला, एचडीएफसी एर्गो सहित 50 से ज्यादा कंपनियों के बीमा पॉलिसी धारक थे। उनकी सालाना आय 12 से 15 लाख रुपए थी, जबकि कुल बीमा क्लेम करीब 39 करोड़ रुपए था।

संजय कुमार ने बताया कि विशाल कुमार ने क्लेम में दावा किया था कि उसने सड़क हादसे में पिता को आनंद अस्पताल में भर्ती करवाया था। अस्पताल और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट की चोटें भी आपस में मेल नहीं खा रही थीं। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मौत का कारण मौत से पहले लगी चोट बताया गया, जो सड़क हादसे से बिल्कुल अलग थी।

डॉक्यूमेंट्स न देने कंपनी को शक हुआ

संजय कुमार ने बताया कि विशाल ने जांच के दौरान सहयोग नहीं किया। कई अहम दस्तावेज उपलब्ध कराने से बचते रहे। उन्होंने बीमा कंपनी के एक अधिकारी को रिश्वत देने की भी कोशिश की, ताकि क्लेम जल्द पास हो जाए। इससे उनके धोखाधड़ी में शामिल होने की आशंका और गहरी हो गई।


तीन दिन में सोना 3 हजार और चांदी 6 हजार महंगी



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। सर्राफा बाजार में बीते तीन दिनों के भीतर सोना-चांदी के भाव लगातार चढ़ते हुए नई ऊँचाइयों पर पहुंच गए। 26 सितंबर को सोना स्टैंडर्ड (999) 1,17,000 रुपए प्रति 10 ग्राम था, जो 29 सितंबर तक बढ़कर 1,20,000 रुपए हो गया। इसी तरह चांदी टंच 1,43,100 रुपए प्रति किलो से बढ़कर 1,49,200 रुपए तक पहुंच गई। सोना जेवराती (23 कैरेट) 1,12,320 रुपए से बढ़कर 1,15,200 रुपए और 22 कैरेट सोना 1,07,640 रुपए से बढ़कर 1,10,400 रुपए हो गया। वहीं चांदी चौरसा भी 1,42,000 रुपए से बढ़कर 1,48,000 रुपए पर पहुंच गई। सर्राफा व्यापारियों का कहना है कि त्योहारों से पहले बढ़ती मांग और अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेजी का सीधा असर स्थानीय भावों पर देखा जा रहा है।

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में भड़का गुस्सा, रावलकोट, कोटली और मुजफ्फराबाद में आजादी के नारे, सेना पर हमले



24 न्यूज अपडेट

इस्लामाबाद/नई दिल्ली। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (PoK) में हालात एक बार फिर विस्फोटक हो गए हैं। लगातार बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और पाकिस्तानी सेना की ज्यादतियों के खिलाफ रविवार और सोमवार को हजारों लोग सड़कों पर उतर आए। तीन बड़े शहर—रावलकोट, कोटली और मुजफ्फराबाद में दुकानों और बाजारों के शटर पूरी तरह से बंद रहे। मशाल जुलूस और पथराव रविवार रात स्थानीय लोगों ने मशालें जलाकर सरकार के खिलाफ जुलूस निकाला। सोमवार सुबह प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षा बलों के काफिलों पर पथराव किया। कई जगह सेना और प्रदर्शनकारियों के बीच हाथापाई भी हुई। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में लोगों को सेना के खिलाफ नारे लगाते और सड़कों पर आजादी के झंडे लहराते देखा जा सकता है। सेना की गोलीबारी के बाद बढ़ा आक्रोश कोटली में शनिवार को हुए विरोध के दौरान सुरक्षाबलों ने निहत्थे प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलाई थीं। इसमें कई लोग घायल हुए। इस घटना के बाद नाराज भीड़ ने सेना के खिलाफ "हम तुम्हारी मौत हैं" जैसे नारे लगाए और सरकारी गाड़ियों को निशाना बनाया। AAC की अगुवाई इस विरोध-प्रदर्शन का नेतृत्व अवामी एक्शन कमेटी (AAC) कर रही है। AAC के नेता शौकत नवाज मीर ने कहा, "हम सिर्फ अपना हक मांग रहे हैं। 70 साल से हमें हमारे अधिकारों से वंचित रखा गया है। अब सरकार को हमारी बात सुननी ही होगी।" AAC ने सरकार के सामने 38 मांगें रखी हैं, जिनमें बिजली और आटे पर सब्सिडी, स्थानीय युवाओं को रोजगार और शरणार्थियों के लिए आरक्षित विधानसभा सीटें खत्म करना शामिल है। स्थिति बेकाबू होती देख पाकिस्तान सरकार ने PoK में सुरक्षा कड़ी कर दी है। इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं और पत्रकारों की एंट्री पर पाबंदी लगा दी गई है। यहां तक कि स्थानीय रिपोर्टर्स को भी कवरेज से रोका जा रहा है। मानवाधिकार संगठनों का कहना है कि सरकार की यह कार्रवाई मूलभूत अधिकारों का हनन है। विरोध की पुरानी जड़ें PoK में असंतोष कोई नया नहीं है। 2023 में भी बिजली के दाम बढ़ाने और गेहूं पर सब्सिडी हटाने के खिलाफ बड़े स्तर पर आंदोलन हुए थे। स्थानीय लोग कहते हैं कि मंगला डैम से बिजली उत्पादन होने के बावजूद उन्हें महंगी बिजली खरीदनी पड़ती है।

संपादकीय : सख्ती के समांतर

लद्दाख के लेह में जिस तरह के हालात पैदा हुए, उसके बाद केंद्र सरकार शांति कायम करने के लिए सभी स्तरों पर कार्रवाई कर रही है। मगर इसके साथ कुछ सवाल भी उठे हैं कि आखिर वहां के लोगों के सामने ऐसी स्थिति क्यों आई कि उन्हें अपनी मांगों को लेकर लेह में आंदोलन पर उतरना पड़ा। उसी दौरान किन्हीं कारणों से वहां जमा लोगों ने अपना धीरज खो दिया और व्यापक अराजकता का माहौल बन गया, तो उसे संभालने के लिए सरकार की ओर से कार्रवाई को एक हद तक जरूरी माना जा सकता है। मगर क्या इस पर भी विचार करने की जरूरत नहीं है कि लेह में आंदोलनकारियों की मांगों की पृष्ठभूमि क्या है और उसे पूरा किया जाना क्यों तथा किस हद तक जरूरी है ? गौरतलब है कि पिछले हफ्ते लेह में आंदोलन के दौरान लोगों के अराजक हो जाने के बाद पुलिस की गोलीबारी में चार लोगों की जान चली गई और हिंसा में कई लोग बुरी तरह घायल हो गए। फिर वहां के जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत गिरफ्तार करके लद्दाख से बाहर भेज दिया गया। इस कार्रवाई को लद्दाख में फिर अराजकता या किसी साजिश की आशंका के मद्देनजर एहतियाती कदम के तौर पर देखा जा रहा है। मगर सवाल है कि अगर इस आंदोलन की पृष्ठभूमि पिछले कई वर्षों से बन रही थी, तो उसे समय रहते संबोधित करना और किसी ऐसे हल का खाका तैयार करना सरकार को जरूरी क्यों नहीं लगा, जिसमें सभी पक्षों की सहमति हो। लेह में आंदोलन कर रहे लोगों की मुख्य मांगें वही थी, जिसके लिए कई वर्ष पहले उनसे वादा किया गया था। केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा दिए जाने और संविधान की छठी अनुसूची के तहत सुरक्षा देने की मांग के साथ शुरू हुए आंदोलन के मुद्दे नए नहीं थे। मगर लगातार इस मसले पर टालमटोल और वहां के संबंधित पक्षों से ठोस बातचीत को लेकर सरकार की उदासीनता ने एक ऐसी पृष्ठभूमि बनाई कि उसमें स्थानीय युवाओं के बीच बढ़ती बेरोजगारी जैसे मुद्दे भी शामिल हो गए। जाहिर है, एक ऐसी स्थिति बन रही थी, जिसमें आंदोलनकारियों के बीच मौजूद कुछ अवांछित तत्वों के अराजक हो जाने की आशंका थी। मगर न तो संवाद को प्राथमिकता देकर हल खोजने की कोशिश की गई और न ही स्थानीय आबादी को विश्वास में लिया गया। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि लोकतांत्रिक तरीके से चल रहे आंदोलन के समांतर व्यापक हिंसा हुई, मगर वहां के खुफिया तंत्र को शायद इसकी भनक नहीं लगी। जबकि चीन की सीमा के पास स्थित होने की वजह से लद्दाख को बेहद संवेदनशील इलाके के तौर पर देखा जाता है और वहां की हर संभावित परिस्थिति का आकलन करके जरूरी कदम उठाना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। स्थानीय तकाजों के मुताबिक उठे मुद्दों की बहुस्तरीय अनदेखी और उसके प्रति उदासीनता का नतीजा यह हुआ कि पर्यटन को आकर्षित करने और शांतिपूर्ण जीवन तथा संस्कृति की पहचान वाले उस इलाके में हुए आंदोलन के बीच अराजकता और हिंसा ने भी अपने पांव फैला लिए। अब लेह के प्रदर्शनकारियों को लेकर कई तरह की आशंकाएं और संदेह जताए जा रहे हैं, लेकिन यह भी सच है कि अब तक इस संबंध में सरकार ने जांच करने की जरूरत शायद नहीं समझी थी। अब भी अगर सरकार स्थानीय आबादी की मुख्य मांगों के संदर्भ में ईमानदार इच्छाशक्ति दिखाए, तो किसी भी साजिश को अंजाम देना संभव नहीं हो सकता !

हादसे का सिलसिला

किसी भी राजनीतिक रैली के चैरान यह कोशिश की जाती है कि सभा को सफल बताने के लिए वहां ज्यादा से ज्यादा लोग पहुंचें, लेकिन इस बात का ध्यान रखना जरूरी नहीं समझा जाता कि भारी संख्या में लोगों के जमावड़े के बाद अगर भगदड़ जैसे हालात पैदा हुए तो उसे संभालने के लिए क्या व्यवस्था होगी। तमिलनाडु के करूर में शनिवार को एक रैली के दौरान भगदड़ मचने की वजह से कम से कम चालीस लोगों की मौत और बड़ी संख्या में लोगों के घायल होने की घटना एक बार फिर आयोजन और व्यवस्था को लेकर बरती गई व्यापक लापरवाही का नतीजा लगती है। तमिलनाडु में अभिनेता से नेता बने विजय के लिए रैली का आयोजन करने वालों को यह अंदाजा जरूर होना चाहिए था कि कितनी संख्या में लोग वहां पहुंचेंगे। फिर भाषण देने के लिए विजय के पहुंचने में देरी की वजह से वहां इंतजार कर रहे 25 हजार से ज्यादा लोगों के बीच अफरा-तफरी मचने की आशंका बनी हुई थी। मगर इसे भांप कर पहले ही हादसे की स्थिति पैदा होने से रोकने के लिए आयोजकों की ओर से कुछ भी नहीं किया गया। सवाल है कि जब राजनीतिक रैलियों या धार्मिक आयोजनों के लिए आम लोगों के बड़े जमावड़े में बार-बार भगदड़ मचने की वजह से त्रासद हादसे लगातार सामने आ रहे हों, वैसे समय में भीड़ प्रबंधन को लेकर इस तरह की लापरवाही को कैसे देखा जाएगा। किसी भी हादसे का सबसे बड़ा सबक यह होना चाहिए कि हर स्तर पर ऐसे इंतजाम किए जाएं, ताकि फिर वैसी घटना न हो। मगर विडंबना यह है कि न तो प्रशासन और न ही आयोजन में शामिल समूहों या लोगों को एहतियात बरतने की जरूरत लगती है। इसी का नतीजा है कि हर कुछ दिनों बाद किसी राजनीतिक रैली या धार्मिक आयोजन के दौरान व्यापक अव्यवस्था और लापरवाही की वजह से नाहक ही लोगों की जान चली जाती है और बड़े पैमाने पर लोग घायल होते हैं। हादसों के बाद जांच की घोषणाएं तो की जाती हैं, लेकिन उनका नतीजा क्या निकलता है, किसे दोषी ठहराया जाता है और क्या कार्रवाई की जाती है, इस बारे में जनता को बताना जरूरी नहीं समझा जाता। यह बेवजह नहीं है कि अक्सर होने वाले हादसे अब अफसोसनाक सिलसिला बन चुके हैं।

उदयपुर सहित राजस्थान के सातों संभागों में 15 नवंबर को ''घूमर फेस्टिवल 2025'' का भव्य आयोजन



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। राजस्थान के सांस्कृतिक गौरव और पारंपरिक लोकनृत्य घूमर को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए पर्यटन विभाग एक नई पहल कर रहा है। गुजरात के गरबा की तर्ज पर अब राजस्थान का घूमर भी बड़े पैमाने पर आयोजित किया जाएगा। इसके तहत राज्य के सातों संभागों – बीकानेर, अजमेर, जयपुर, जोधपुर, भरतपुर, उदयपुर और कोटा के मुख्यालयों में 15 नवंबर को शाम 6 बजे एक साथ ''घूमर फेस्टिवल 2025'' का आयोजन किया जाएगा। बीकानेर में कार्यक्रम डॉ. करणी सिंह स्टेडियम में आयोजित होगा। स्टेडियम में दो बड़े स्टेज बनाए जाएंगे और महिला एवं बाल विकास विभाग, उद्योग विभाग आदि की ओर से देशी उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। फेस्टिवल में 12 वर्ष से ऊपर की सभी बालिकाएं और महिलाएं हिस्सा ले सकेंगी। इसमें स्कूल, कॉलेज, डांस एकेडमी, गृहिणी, कामकाजी महिलाएं और स्वयं सहायता समूह शामिल होंगे। प्रतिभागियों को पर्यटन विभाग की वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। रजिस्ट्रेशन अक्टूबर के प्रथम सप्ताह से शुरू होगा और सभी प्रतिभागियों को ऑनलाइन प्रमाणपत्र भी दिया जाएगा।

पांच कैटेगरी में पुरस्कार और प्रोत्साहन राशि

फेस्टिवल में ग्रुप डांस को पांच श्रेणियों में परखा जाएगा –

बेस्ट ग्रुप डांस
बेस्ट ग्रुप कॉस्ट्यूम
बेस्ट ग्रुप ज्वेलरी
बेस्ट ग्रुप सिंक्रोनाइजिंग
बेस्ट ग्रुप कोरियोग्राफर

विजेता और उपविजेता को आकर्षक नकद पुरस्कार दिया जाएगा। यदि ग्रुप में 20 से अधिक सदस्य होंगे तो प्रति सदस्य 500 रुपए प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जाएगी। सात दिन की वर्कशॉप और तैयारी 15 नवंबर के फेस्टिवल से पहले 25 अक्टूबर से 13 नवंबर तक प्रतिभागियों के लिए सात दिन की प्रैक्टिस वर्कशॉप आयोजित की जाएगी। सभी प्रतिभागियों को रंग-बिरंगी राजस्थानी वेशभूषा पहननी होगी, वेस्टर्न आउटफिट की अनुमति नहीं होगी।

जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण पर जोर



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। जिला परिषद सभागार में सोमवार को जिला परिषद सीईओ रिया डाबी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शंकर एच. बामनिया, डिप्टी सीएमएचओ डॉ. विक्रम सिंह, एडिशनल सीएमएचओ डॉ. रागिनी अग्रवाल, डीपीसी आरएमएससी डॉ. मोहन सिंह धाकड़, एसएमओ डब्ल्यूएचओ डॉ. अक्षय व्यास, डीएनओ प्रताप सिंह, एनसीडी नोडल डॉ. प्रणव भावसार, जिला क्षय अधिकारी डॉ. आशुतोष सिंघल, शहर प्रभारी, डीपीएम, यूपीएम, प्रतिनिधि यू ए न ए फ पी ए, बीसीएमओ, बीपीएम एवं सभी सीएचसी प्रभारियों ने भाग लिया। सीएमएचओ डॉ. शंकर एच. बामनिया ने कहा कि मौसमी बीमारियों का खतरा अभी भी है, इसलिए किसी भी क्षेत्र में बीमारियों की सूचना तुरंत सीएमएचओ कार्यालय को दें। उन्होंने "स्वस्थ नारी–सशक्त परिवार अभियान" में महिलाओं की हीमोग्लोबिन जांच, एनसीडी स्क्रीनिंग और पोर्टल पर रिपोर्ट एंट्री को अनिवार्य बताया। गर्भवती महिलाओं का प्रथम त्रैमासिक में रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। एडिशनल सीएमएचओ डॉ. रागिनी अग्रवाल ने परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत नसबंदी केस बढ़ाने और पीपीआईयूसीडी सेवाओं में सुधार के निर्देश दिए। डीएनओ प्रताप सिंह ने एएनसी रजिस्ट्रेशन और संस्थागत प्रसव की समीक्षा की। एसएमओ डब्ल्यूएचओ डॉ. अक्षय व्यास ने 12 अक्टूबर से पल्स पोलियो अभियान और शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डिप्टी सीएमएचओ डॉ. विक्रम सिंह ने मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया जैसी मच्छर जनित बीमारियों के रोकथाम के लिए गतिविधियों को सघन करने का निर्देश दिया। एनसीडी नोडल डॉ. प्रणव भावसार ने 30 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों का एनसीडी पंजीकरण और पोर्टल एंट्री सुनिश्चित करने पर जोर दिया। जिला क्षय अधिकारी डॉ. आशुतोष सिंघल ने टीबी रोगियों की स्क्रीनिंग, एचआईवी जांच और नाट टेस्टिंग बढ़ाने की जानकारी दी। डीपीसी आरएमएससी डॉ. मोहन सिंह धाकड़ ने मुख्यमंत्री निःशुल्क जांच योजना के अंतर्गत जांच सेवाओं को बढ़ाने और कवरेज सुधारने के निर्देश दिए। बैठक में सभी अधिकारियों को स्वास्थ्य सेवाओं के सतत सुधार और सक्रिय निगरानी बनाए रखने के लिए निर्देशित किया गया।

उदयपुर की अंडर-14 वॉलीबाल व क्रिकेट टीमें राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने रवाना



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 29 सितंबर। जिला स्तरीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के बाद उदयपुर की अंडर-14 वॉलीबाल और क्रिकेट टीमें राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रवाना हुईं। वॉलीबाल टीम 30 सितंबर से 6 अक्टूबर तक जोधपुर के लुसेंट स्कूल थोब ओसिया में मुकाबलों में हिस्सा लेगी, जबकि क्रिकेट टीम सेंट पॉल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, फालना में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेगी।


जिला खेलकूद संचालन समिति के प्रभारी युगल किशोर शर्मा ने बताया कि दोनों टीमों को जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक शिक्षा मुख्यालय चंद्रशेखर जोशी ने शुभकामनाएं दीं।

अंडर-14 छात्र व छात्रा वॉलीबाल टीम छात्र टीम के सदस्य हैं: कप्तान लक्ष्यराज दमामी, दीपेश जनवा, जीवन जनवा, मौलिक मेनारिया, निखिल मेनारिया, रोहन लाल प्रजापत, सचिन जाट, साकेत पालीवाल, विदित जगरवाल, विजय प्रकाश सागीया, विपुल जाट। **दल प्रशिक्षक:** गोविंद मेहता, दल प्रभारी: भूपेंद्र जाट, **सदस्य:** गौरीशंकर कुमावत, दल प्रबंधक: प्रकाश जगरवाल। छात्रा टीम के सदस्य हैं: कप्तान सृष्टि कुमावत, अतिशा मेघवाल, भूमिक्षा खेर, दीपांशी मीणा, गौरवी जैन, कंचन कुमावत, किंजल कुमारी परमार, निधि डांगी, सपना डांगी, विदुषी मेहता, विनीता गमेती। **दल प्रबंधक:** प्रकाश जगरवाल, दल प्रभारी: कमला।

अंडर-14 क्रिकेट टीम

क्रिकेट टीम में 16 खिलाड़ी शामिल हैं, जिसमें कप्तान रुद्राक्ष मेनारिया, उप-कप्तान महेश मीणा, अमित साहनी, मोहम्मद माहीन खान, गर्वेश सेन, दुर्जोय कटारा, प्रग्यम बडाला, रुद्र प्रताप, नक्ष कोठारी, वेदांश अग्रवाल, आश्मन डोरु, मानस डांगी, प्रियम मालाणी, धुरव गोयल, विवान चौधरी, आयुष कुमार शामिल हैं। दल प्रभारी: दीपक कुमार गुसर, टीम सदस्य: कुलदीप खटीक, कोच: घनश्याम मेघवाल। राजस्थान रणजी कोच निखिल डोरु ने टीम को बधाई दी और राज्य स्तर पर बेहतर प्रदर्शन की कामना की।

भूपालपुरा में शॉर्ट सर्किट से कार धू-धू कर जली



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। शहर के भूपालपुरा थाना क्षेत्र में देर रात बड़ा हादसा हो गया। शॉर्ट सर्किट के कारण अचानक बिजली का तार टूटकर सड़क किनारे खड़ी एक कार पर गिर पड़ा। तार गिरते ही कार में आग लग गई और कुछ ही देर में वाहन पूरी तरह जलकर राख हो गया। अचानक लगी आग से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत ही दमकल विभाग को सूचना दी। सूचना पर दमकल दल मौके पर पहुँचा और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि हादसे के समय कार के अंदर कोई मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा नुकसान टल गया।

बेडवास विद्यालय के 15 खिलाड़ी राज्य स्तरीय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता के लिए चयनित



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। बेडवास क्षेत्र के लिए गर्व की बात है कि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बेडवास के 15 छात्र-छात्राओं का चयन राज्य स्तरीय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिताओं के लिए हुआ है। आगामी प्रतियोगिताएँ झालावाड़ और हिंडौन सिटी में आयोजित होंगी। बालक वर्ग (17 व 19 वर्ष) के लिए चयनित खिलाड़ी हैं – रौनक सोलंकी, शैलेंद्र नागदा, अमित नगारची, विशाल चौबीसा, प्रत्यक्ष और गौरव सिंह। बालिका वर्ग (17 व 19 वर्ष) के लिए चयनित खिलाड़ी हैं – कृष्णा सोलंकी, ईक्षा पांडे, कृतिका सोलंकी, जयंती लोहार, किंजल सोलंकी, आंचल कुमारी, मनीषा राव, प्रियांशी कुमारी और पूजा कुमारी। विद्यालय के पीटीआई नरपत सिंह राठौड़ के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन कर यह उपलब्धि अर्जित की है। इस अवसर पर ग्रामवासियों ने विद्यालय पहुँचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और राठौड़ को शुभकामनाएँ दीं।

राजपुरा की छात्राओं का राज्य स्तरीय कबड्डी टीम में चयन



24 न्यूज अपडेट

भीण्डर . भीण्डर के निकट राजपुरा गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की दो छात्राएं सपना कुलमी और प्रतिक्षा नाई ने बड़ा मुकाम हासिल किया है। दोनों का चयन 17 वर्षीय कबड्डी टीम में राज्य स्तर पर हुआ है। शारीरिक शिक्षक पवन जणवा ने बताया कि जिला स्तरीय प्रतियोगिता में टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। खासकर सपना और प्रतिक्षा के बेहतरीन खेल से विद्यालय का नाम रोशन हुआ। उनके इसी प्रदर्शन के आधार पर दोनों का चयन आगामी राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता 30 सितंबर से डीडवाना के मौलासर में आयोजित होगी। शुभकामनाएँ दीं।

पशुओं के हार्ट का भी रखें ध्यान

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 29 सितम्बर। पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान के उपनिदेशक डॉ.सुरेन्द्र छंगाणी ने बताया कि 29 सितम्बर को पूरा विश्व मानव के हार्ट को स्वस्थ रखने के लिये वर्ल्ड हार्ट डे मना रहा है। किन्तु बेजुबान पशु भी इस समय पुकार कर रहा हैं कि मेरे हार्ट का भी ख्याल रखे। डॉ. छंगाणी ने बताया कि गाय भैसों में एक रोग ट्रोमेटिक पेरिकार्डियटीस होता है है प्रायः एक माह में 2-3 पशु इस रोग से ग्रस्त पाए जाते हैं और उनकी मृत्यु हो जाती है। इस रोग का प्रमुख कारण स्वच्छता का अभाव एवं पोलीथीन में लगी पिन है। स्वच्छता के अभाव में पशु को उपलब्ध कराये जाने सूखे चारे में कई बार कील, सुई या लोहे का तार आ जाता है। या पॉलीथीन में रखी वस्तु के खाने के प्रयास में उसमे लगी पिन पशु के शरीर में पहुंच जाती है जहाँ, पर वह रेटीकुलम को पार करती हुई पशु के हार्ट में पहुँच जाती है, एक्स रे कराने पर यह स्पष्ट नजर आती है उसकी सर्जरी करने के पश्चात भी पशु के बचने की सम्भावना बिल्कुल ही कम होती है। डॉ. छंगाणी ने पशुपालकों से आग्रह किया है कि वे पशुओं को स्वच्छ स्थान पर एवं आहार को अच्छी तरह से छान-बीन कर ही दें।

समाचार भेजने के लिए हमारी मेल आई-डी पर संपर्क करें -
desk24newsupdate@gmail.com

अब ये भी मुमकिन है : जयपुर सेंट्रल जेल में 22 दिन में 34 मोबाइल बरामद



24 न्यूज अपडेट

जयपुर। अपराधियों के राजस्थान की जेलों में मजे हो रहे हैं। मोबाइल तो ऐसे मिल रहे हैं कि जैसे हर कोई मोबाइल उठाए जेल ही चला आ रहा है और महाभ्रष्ट तंत्र जिसमें नेताओं की मिलीभगत है, आदर सत्कार के साथ अपराधियों को सुरक्षित तरीके से जेल में मोबाइल पहुंचाने में कोई कोर कसर नहीं छोड रहा हैं सब जानते हैं कि जेल से ही खेल चलता है। वहीं से वसूली के सौदे होते हैं, कई अपराधों ीक पृष्ठभूमि तैयार होती है। मगर जांच कौन करे। सही जांच हो जाए तो शायद ही कोई बच पाए। जयपुर सेंट्रल जेल में विचाराधीन बंदियों के पास लगातार मोबाइल मिलने का सिलसिला थम नहीं रहा है। रविवार को हुई तलाशी में दो और मोबाइल बरामद हुए। इस तरह पिछले 22 दिनों में जेल से अब तक 34 मोबाइल फोन जब्त किए जा चुके हैं।

19 एफआईआर दर्ज, पर जांच अब तक शुरू नहीं

जेल प्रशासन की ओर से मोबाइल बरामदगी के मामलों में अब तक लालकोठी थाने में 19 एफआईआर दर्ज कराई गई हैं। बावजूद इसके, मोबाइल जेल के भीतर कैसे पहुंच रहे हैं और इसके पीछे कौन लोग शामिल हैं, इस पर किसी भी एजेंसी ने अब तक जांच शुरू नहीं की है। सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं।

वार्ड 13 और 5 से मोबाइल बरामद

लालकोठी थाने के एएसआई और जांच अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि 28 सितंबर को दो मोबाइल मिले। सुबह करीब 9:45 बजे वार्ड 13 की तलाशी के दौरान विचाराधीन बंदी पुलकित यादव के पास से एक मोबाइल फोन बरामद हुआ। पूछताछ में वह इसके बारे में कोई जानकारी नहीं दे सका। वहीं, रात करीब 1:30 बजे वार्ड 5 की तलाशी में भी एक मोबाइल फोन मिला। दोनों मामलों में जेल प्रहरियों गिर्राज प्रसाद और मुनेष सिंह ने अलग-अलग रिपोर्ट दर्ज करवाई।

बार-बार सवालों के घेरे में जेल प्रशासन

लगातार मोबाइल बरामद होने के बावजूद जेल परिसर की सुरक्षा व्यवस्था और चेकिंग सिस्टम पर सवाल उठ रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि बंदियों तक मोबाइल पहुंचाने में जेल के भीतर और बाहर के लोगों की मिलीभगत हो सकती है। इसके बावजूद किसी उच्चस्तरीय जांच का आदेश अब तक नहीं हुआ है।

निजी आवासीय छतों पर होगी सब्ज़ी की खेती, जयपुर में शुरू हुई 'स्मार्ट सिटी रूफ टॉप फार्मिंग परियोजना'



24 न्यूज अपडेट

जयपुर, 29 सितंबर। अंतर्राष्ट्रीय उद्यानिकी नवाचार एवं प्रशिक्षण संस्थान (आईएसआईटीसी), दुर्गापुरा, जयपुर द्वारा नगर निगम क्षेत्र में स्थित निजी आवासों की छतों पर सब्जियों की खेती को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 'स्मार्ट सिटी रूफ टॉप फार्मिंग परियोजना' की शुरुआत की गई है। इस योजना के अंतर्गत केवल जयपुर नगर निगम क्षेत्र के निजी आवासीय भवनों के स्वामी ही आवेदन कर सकते हैं। वाणिज्यिक प्रतिष्ठान, संस्थान या अन्य गैर-आवासीय भवन इस योजना के अंतर्गत पात्र नहीं होंगे। रूफ टॉप यूनिट निर्माण की कुल अनुमानित लागत 53 हजार 619 रूपए है। इसमें से 70 प्रतिशत(37हजार 534 रूपए) की राशि अनुदान के रूप में सरकार द्वारा वहन की जाएगी जबकि शेष 30 प्रतिशत (16 हजार 085 रूपए) राशि लाभार्थी को स्वयं वहन करनी होगी। परियोजना के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2025 निर्धारित की गई है। इच्छुक आवेदक 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2025 तक पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की प्रक्रिया ऑफलाइन रहेगी और आवेदन पत्र संस्थान के कार्यालय से ही प्राप्त किए जा सकेंगे। योजना के दिशा-निर्देश, पात्रता की शर्तें तथा आवेदन पत्र का प्रारूप आईएसआईटीसी, दुर्गापुरा, जयपुर से प्राप्त किया जा सकता है। अधिक जानकारी हेतु दूरभाष संख्या 9636839317 पर कार्यालय समय में संपर्क किया जा सकता है।

प्रतापगढ़ पुलिस का बड़ा साइबर अभियान: 110 मोबाइल बरामद, 45 लाख रुपए की धोखाधड़ी रोकी



24 न्यूज अपडेट

प्रतापगढ़। जिला पुलिस अधीक्षक बी. आदित्य के निर्देश पर प्रतापगढ़ पुलिस ने एक बड़े साइबर सुरक्षा अभियान में 110 गुमशुदा मोबाइल बरामद किए, जिनकी कीमत लगभग 25 लाख रुपए है। सभी मोबाइल उनके असली मालिकों को लौटाए गए। अभियान में साइबर सेल, जिले के सभी थानाधिकारियों और तकनीकी टीमों ने भाग लिया। भारत सरकार के सीईआईआर पोर्टल के जरिए मोबाइल ट्रैकिंग और पहचान कर त्वरित कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान साइबर सेल ने 45 लाख रुपए की धोखाधड़ी को भी सफलतापूर्वक रोका और राशि पीड़ितों के बैंक खातों में जमा करवाई। सुरक्षा और तकनीकी कदमः साइबर सेल ने जांच में पाया कि धोखाधड़ी में वोडाफोन, बीएसएनएल, एयरटेल और रिलायंस जियो के सिम कार्ड और आईएमईआई नंबरों का इस्तेमाल किया गया था। इसके बाद पुलिस ने 336 मोबाइल नंबर और 865 हैंडसेट आईएमईआई ब्लॉक कर दिए, ताकि अपराधी इन्हें दोबारा इस्तेमाल न कर सकें। जिला पुलिस अधीक्षक बी. आदित्य ने कहा, "साइबर अपराधों के खिलाफ निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी। तकनीकी निगरानी और त्वरित प्रतिक्रिया से हम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित कर रहे हैं।

मदार-दरभंगा नई अमृत भारत एक्सप्रेस 3 अक्टूबर से शुरू, साप्ताहिक रेलसेवा से यात्रियों को होगी सुविधा



24 न्यूज अपडेट

अजमेर। यात्रियों की सुविधा के लिए उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा मदार (अजमेर)-दरभंगा-मदार (अजमेर) के बीच नई साप्ताहिक अमृत भारत एक्सप्रेस रेलसेवा शुरू की जा रही है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी शशि किरण ने बताया कि गाड़ी संख्या 19623 मदार-दरभंगा अमृत भारत एक्सप्रेस 3 अक्टूबर 2025 से हर शुक्रवार रात 21.25 बजे मदार से रवाना होगी। यह जयपुर स्टेशन पर 23.00 बजे पहुंचेगी और 23.10 बजे प्रस्थान कर रविवार तड़के 00.45 बजे दरभंगा पहुंचेगी। वहीं, गाड़ी संख्या 19624 दरभंगा-मदार अमृत भारत एक्सप्रेस 5 अक्टूबर 2025 से हर रविवार सुबह 04.15 बजे दरभंगा से रवाना होकर सोमवार को 10.25 बजे जयपुर पहुंचेगी और 10.35 बजे प्रस्थान कर दोपहर 13.20 बजे मदार पहुंचेगी। यह रेलसेवा रास्ते में किशनगढ़, जयपुर, गांधीनगर जयपुर, बांदीकुई, भरतपुर, इटावा, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ (ऐशबाग-गोमतीनगर-बादशाहनगर), गोरखपुर, नरकटियागंज, सीतामढ़ी सहित कई स्टेशनों पर रुकेगी। इसमें कुल 22 डिब्बे होंगे, जिनमें 8 द्वितीय शयनयान, 12 साधारण श्रेणी और 2 गार्ड डिब्बे शामिल हैं।

प्रतापगढ़ पुलिस ने किया हनी ट्रैप गिरोह का पर्दाफाश, मुख्य आरोपी गिरफ्तार, अन्य की तलाश जारी



24 न्यूज अपडेट

प्रतापगढ़। प्रतापगढ़ पुलिस ने हनी ट्रैप के एक बड़े मामले का खुलासा करते हुए गिरोह के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक बी. आदित्य के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक परबत सिंह, वृत्ताधिकारी गजेंद्र सिंह राव और छोटीसादड़ी थानाधिकारी प्रवीण टांक के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने यह कार्रवाई की। गिरफ्तार आरोपी की पहचान भानुप्रताप उर्फ भानु पुत्र विजय राव ढोली, निवासी जावद दरवाजा, ढोलियों की गली, निम्बाहेड़ा कोतवाली, जिला चित्तौड़गढ़ के रूप में हुई है। मामला कैसे खुला छोटीसादड़ी थाना क्षेत्र के नाराणी निवासी भगतराम कुमावत ने 4 जनवरी 2025 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। प्रार्थी के अनुसार, कुछ लोगों ने उसे हनी ट्रैप के जाल में फंसाकर डरा-धमकाकर 60,000 रुपये नकद और डेढ़ लाख रुपये के स्टाम्प पेपर लिखवा लिए। इस आधार पर थाने में प्रकरण संख्या 05/2025 दर्ज हुआ। पुलिस ने मामला धारा 308(2), 3(5) बीएनएस के तहत दर्ज कर जांच शुरू की। पूछताछ में खोले राज जांच के दौरान पुलिस टीम ने आरोपी भानु को दबोच लिया। उसे न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर इस पूरी वारदात को अंजाम देने की बात स्वीकार की है। गिरोह पर शिकंजा कसने की तैयारी पुलिस अब इस गिरोह के अन्य वांछित सदस्यों की तलाश में जुटी है। टीम ने घटनास्थल और आरोपी के नेटवर्क की बारीकी से पड़ताल शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर पूरा गिरोह बेनकाब कर दिया जाएगा।

खरगोन में गरबा करते समय युवती की अचानक मौत, पंडाल में मचा हड़कंप



24 न्यूज अपडेट

मध्यप्रदेश। खरगोन जिले के भीकनगांव क्षेत्र के ग्राम पलासी में रविवार रात मां दुर्गा के पंडाल में गरबा कर रही एक युवती की अचानक हार्ट अटैक से मौत हो गई। मृतका सोनम (19) थी, जिसकी शादी इस वर्ष मई में कृष्णपाल से हुई थी। घटना की जानकारी सोमवार सुबह वीडियो के माध्यम से सामने आई। नाचते-नाचते अचानक गिर पड़ी सूत्रों के अनुसार, सोनम और उसका पति कृष्णपाल सिंगाजी मंदिर में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा के सामने गरबा कर रहे थे। दोनों "ओ मेरे ढोलना" गीत पर नाच रहे थे। गीत के बोलों की धुन पर थिरकते हुए सोनम झांकी के सामने अचानक जमीन पर गिर पड़ी। इस दौरान उसका पति झांकी के दूसरी तरफ था। मदद के लिए पहुंचे लोग पंडाल में मौजूद अन्य लोग पहले यह नहीं समझ पाए कि सोनम अस्वस्थ हो गई है। कई लोग घटना को देखकर आश्चर्यचकित होकर मुंह पर हाथ रखकर खड़े रहे। कुछ ही मिनटों में जब सोनम उठी नहीं, तो वहां हड़कंप मच गया। पति कृष्णपाल ने तुरंत उसे उठाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। मंदिर परिसर में मृत घोषित परिवार ने तुरंत गांव के एक स्थानीय डॉक्टर को बुलाया, जिसने सोनम को मृत घोषित कर दिया। परिवार ने सामान्य मृत्यु होने के कारण पोस्टमॉर्टम नहीं कराया और सोमवार सुबह ही अंतिम संस्कार कर दिया। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल फैल गया।

सोनम और कृष्णपाल की शादी महज कुछ महीने पहले हुई थी। यह पहला नवरात्र था जब दंपती सार्वजनिक रूप से पंडाल में गरबा कर रहे थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि सोनम पहले अकेले नाच रही थी और कुछ समय बाद कृष्णपाल भी उसके पास आया। अचानक गिरने की घटना सभी के लिए सदमे जैसी थी। स्थानीय महिला और पुरुष, जो उस समय पंडाल में मौजूद थे, घटना देखकर स्तब्ध रह गए। कई लोगों ने बताया कि पहले वह मुस्कुराते हुए गिरने को मजाक समझ रहे थे, लेकिन जब सोनम नहीं उठी, तो सभी लोग दौड़े और मदद के लिए जुट गए। हार्ट अटैक की आशंका पुलिस और स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने प्रारंभिक रूप से इसे हार्ट अटैक के रूप में देखा है। स्थानीय डॉक्टर ने बताया कि युवती की अचानक मृत्यु अत्यधिक दुर्भाग्यपूर्ण और आकस्मिक थी। सोनम का अंतिम संस्कार गांव में ही सोमवार सुबह संपन्न किया गया। परिवार और आसपास के लोग इस दुखद घटना से गहरे सदमे में हैं। पंडाल आयोजकों ने भी सभी आगंतुकों से शांति बनाए रखने का आग्रह किया।

5 साल बाद पकड़ा गया चिट फंड कम्पनी आस्था सोसायटी का अध्यक्ष :10,000 का ईनामी ठग गिरफ्तार

झालावाड़ पुलिस की कार्रवाई, अधिक मुनाफे का लालच देकर लाखों ठगे थे



24 न्यूज अपडेट

जयपुर 29 सितंबर। वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत झालावाड़ पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने पिछले पाँच वर्षों से फरार चल रहे चिट फंड कंपनी आस्था क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी के अध्यक्ष पदम सिंह को कोटा से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर 10,000 का इनाम घोषित था और वह धोखाधड़ी एवं चेक अनादरण के कुल 09 प्रकरणों में वांछित था।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने बताया कि आरोपी पदम सिंह ने सोसायटी के सचिव और कोषाध्यक्ष के साथ मिलकर निवेशकों को अधिक मुनाफे का लालच दिया था। रीछवा निवासी मोहम्मद याकूब और 06 अन्य लोगों की शिकायत के अनुसार निवेशकों ने एजेंटों के माध्यम से सोसायटी में दैनिक बचत योजना के तहत बड़ी राशि जमा करवाई थी।

पैसा जमा होने के बाद सोसायटी का कार्यालय अचानक बंद हो गया और अध्यक्ष पदम सिंह झाला, सचिव गिरिराज गुप्ता और कोषाध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह फरार हो गए। इस मामले में तीनों आरोपियों को न्यायालय से भगोड़ा घोषित किया गया था। जबकि अन्य दो आरोपियों ने जमानत करवा ली, पदम सिंह लगातार 05 वर्षों से पुलिस की गिरफ्त से बच रहा था।

वांछित अपराधियों को पकड़ने के लिए गठित विशेष टीम जिसका नेतृत्व एसएचओ झालरापाटन हरलाल मीणा कर रहे थे ने सूचना संकलन के आधार पर पदम सिंह को रंगबाड़ी, कोटा स्थित उसके किराये के मकान से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी पदम सिंह पुत्र रूपसिंह (49) निवासी दुबलिया सुनेल लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था।

राजस्थान की जेलों को मिले 23 नए जेलर: पहली बार 7 महिला अधिकारी हुई प्रमोट, RPA में लिखित परीक्षा और इंटरव्यू के बाद हुआ चयन

24 न्यूज अपडेट

राजस्थान जेल डिपार्टमेंट ने 2023-24 में 23 डिप्टी जेलर को जेलर पद पर प्रमोशन किया गया है। इनमें पहली बार 7 महिला अधिकारी भी शामिल हैं, जो अब डिप्टी जेलर से जेलर बन गई हैं। राजस्थान पुलिस अकादमी (RPA) में लिखित परीक्षा और इंटरव्यू के आधार पर इनका चयन हुआ।

21 अधिकारियों को जेलर बनाने की सिफारिश

विभागीय पदोन्नति समिति (DPC) ने शुक्रवार और शनिवार को संवीक्षा परीक्षा आयोजित की। इसमें 21 अधिकारियों को जेलर बनाने की सिफारिश की गई। पिछले महीने 2 अधिकारियों को गैलेंट्री प्रमोशन मिला था। इस तरह कुल 23 डिप्टी जेलर को जेलर बनाया गया। ये जेलर जिला और केंद्रीय कारागार में काम करेंगे। जेल डिपार्टमेंट में साल-2023-24 की डिप्टी जेलर से जेलर पद की प्रमोशन के लिए इस परीक्षा का आयोजन किया गया। विभागीय पदोन्नति समिति में महानिदेशक पुलिस (जेल) गोविंद गुप्ता, जेल अधीक्षक मुख्यालय जयपुर प्रमोद सिंह और अधीक्षक स्पेशल सेंट्रल जेल श्यालावास दौसा पारस जांगिड शामिल थे। समिति ने लिखित, आउटडोर परीक्षा और इंटरव्यू के जरिए योग्य उम्मीदवार चुने।



पहली बार 7 महिला अधिकारी जेलर प्रमोट हुई

सदस्य सचिव पारस जांगिड़ ने बताया- अशोक पारीक, सुषमा सेन, दिव्या चौधरी, सतेंद्र, प्रियंका चौधरी, हिना, सुमन कुमारी, कविता बिश्नोई, रणवीर सिंह, हेमंत भारद्वाज, धर्मवीर, हेमराज वैष्णव, पवन डउकिया, ताराचंद शर्मा, महेश शर्मा, तरसेम सिंह, मोहम्मद आरिफ खान, ओम प्रकाश शर्मा, बीना मीणा, कालूराम मीणा और भगवान सहाय मीणा को प्रमोट किया गया है। लोकोज्वल सिंह व सुगर सिंह को पिछले महीने गैलेंट्री प्रमोशन दिया गया था। पहली बार एक साथ 7 महिला अधिकारी जेलर पद के लिए प्रमोट हुई हैं।

चोरी के आरोपी की मौत की अफवाह पर बवाल, डीएसपी चांदमल सिंगाड़िया की गाड़ी पर पथराव, क्या थाने के सीसीटीवी कैमरे कर रहे थे काम??



24 न्यूज अपडेट

डूंगरपुर। दोवड़ा थाने में पकड़े गए चोरी के आरोपी की तबीयत खराब होने के बाद इलाज के दौरान मौत की अफवाह फैलते ही सोमवार को क्षेत्र में तनाव फैल गया। बीएपी समर्थकों और परिजनों ने दोवड़ा थाने के पास तिराहे पर दो बार जाम लगाया। इस दौरान भीड़ ने सराड़ा से ड्यूटी पर आए डीएसपी चांदमल सिंगाड़िया की गाड़ी पर पथराव कर दिया, जिससे कार के शीशे टूट गए। हालांकि, डीएसपी सुरक्षित रहे। इन सबके बीच बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि क्या थाने के सीसीटीवी कैमरे काम कर रहे थे? क्योंकि अब तक हर बार थानों में इस तरह की घटनाओं के बाद आरटीआई में मांगने पर सीसीटीवी या तो बंद बता दिए जाते हैं या फिर खराब। या फिर फुटेज से थाने की व्यवस्थाओं पर गोपनीयता का बहाना बना दिया जाता है। थाने के सीसीटीवी के मामलों में सुप्रीम कोर्ट सुनवाई कर रहा है व कल ही इस पर सख्त निर्देश भी दिए हैं। थाना पुलिस के अनुसार, देवसोमनाथ कलारिया निवासी दिलीप अहारी को चोरी के मामले में शुक्रवार तड़के गिरफ्तार किया गया था। थाने में पूछताछ के दौरान उसकी तबीयत बिगड़ी तो पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। बाद में उसे उदयपुर रेफर किया गया। वहीं, सोमवार को इलाज के दौरान उसकी मौत की अफवाह फैल गई, जिससे लोगों में आक्रोश फैल गया। स्थिति बिगड़ने पर डूंगरपुर जिले के सभी थानों से पुलिसकर्मी दोवड़ा बुलाए गए। साथ ही उदयपुर और सलूम्बर से भी अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। एडीशनल एसपी अशोक कुमार और अन्य अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। इस बीच बीएपी नेताओं ने कलेक्ट्री पहुंचकर आरोपी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। आसपुर विधायक उमेश डामोर और दिग्विजय सिंह चुंडावत ने भी लोगों के साथ प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। एसपी मनीष कुमार ने कहा कि युवक का उदयपुर अस्पताल में इलाज जारी है और स्थिति स्थिर है। मौत की खबर अफवाह है। साथ ही उन्होंने कहा कि परिजनों द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच कराई जाएगी और दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से शांति बनाए रखने और अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की।

खेलगांव के 6 खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय बास्केटबॉल में चयन



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। खेल गांव में प्रशिक्षण लेने वाले छह खिलाड़ियों को 69वीं राज्य स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया है। अंडर-14 में काव्यांशी ट्रेलर, धैर्य वलेचा और तनय अग्रवाल का चयन हुआ है। अंडर-17 में धनंजय सिंह शक्तावत और अंडर-19 में विधि शक्तावत और जाह्नवी सिंह को चुना गया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 29 सितंबर से 5 अक्टूबर 2025 तक आयोजित होगी। अंडर-14 प्रतियोगिता सवाई माधोपुर में, अंडर-17 बीकानेर में और अंडर-19 गंगानगर में खेली जाएगी। इस उपलब्धि पर जिला खेल अधिकारी डॉ. महेश पालीवाल, पूर्व खेल अधिकारी ललित सिंह झाला और खेल गांव के सभी प्रशिक्षकों एवं खेल परिवार ने खुशी जाहिर की।

डांडिया महोत्सव में छात्रों ने पारंपरिक गरबा और डांडिया नृत्य प्रस्तुत कर मंत्रमुग्ध किया

विट्टी इंटरनेशनल स्कूल में नवरात्रि महोत्सव की धूम



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 29 सितम्बर। सुखेर स्थित विट्टी इंटरनेशनल स्कूल में नवरात्रि के उपलक्ष में डांडिया नाइट छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों की उपस्थिति में हर्षोल्लास और श्रद्धापूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर आदि शक्ति माँ जगदंबा की आराधना और महाआरती से किया गया जिसमें देवी भजन और आरती ने संपूर्ण वातावरण को भक्तिमय बना दिया। विद्यालय की संस्थापिका प्रीति सोगानी, प्रधानाचार्य श्रीमान बिजो कुरियन, एच.एम. अर्चना पुंडीर, विट्टी वर्ल्ड की सेंटर हेड मेगा पारिख, सीनियर कोर्डिनेटर प्रियंका श्रीवास्तव, प्राइमरी कोर्डिनेटर गरिमा टांक, प्रबंधक समन्वयक प्रिया शाह द्वारा कार्यक्रम के प्रायोजकों का स्वागत और सम्मान किया गया।नवरात्र के मौके पर आयोजित डांडिया नाइट में बच्चों, महिलाओं तथा विद्यालय में उपस्थित सभी लोगों ने जमकर कमरिया....जोगिरा तारा.... खम्मा री खम्मा.....हे शुभारंभ हो शुभारंभ.....जैसे गीतों पर खुब धमाल मचायी। गरबा के पारंपरिक परिधान, नृत्य, जोड़ी आदि विभिन्न मापदंडों को ध्यान में रखते हुए निर्णायक मंडल द्वारा विभिन्न प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। छात्रों ने पारंपरिक गरबा और डांडिया नृत्य प्रस्तुती ने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय के प्राचार्य बिजो कुरियन ने कहा कि त्योहार हमारे सांस्कृतिक धरोहर है। इसकी महत्ता तब और बढ़ जाती है, जब नवरात्रि जैसे पर्वों पर पूरब से लेकर पश्चिम तक सभी एक रंग में रंगते हुए अनेकता में एकता और सर्वधर्म समभाव की भावना प्रस्तुत करते हैं। साथ ही उन्होंने प्रतिभागियों की प्रशंसा करते हुए तथा शुभकामनाएं देते हुए बताया कि हमें हमारी मूलभूत शिक्षाएं जैसे- सत्य, धर्म और निष्ठा को सुदृढ़ बनाने हेतु प्रेरित करता नवरात्रि का उत्सव न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास में भी सहायक होने के साथ उनमें आत्मविश्वास और एकजुटता की भावना विकसित करता है। अंत में महाआरती के साथ कार्यक्रम की समाप्ति हुई।


देहात चित्तौड़ा समाज के मां पद्मावती डांडिया रास गरबा महोत्सव में डांडिया रास की धूम



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 29 सितम्बर। श्री देहात दिगम्बर जैन चित्तौड़ा समाज सेवा संस्थान उदयपुर एवं श्री देहात दिगम्बर जैन चित्तौड़ा नवयुवक मण्डल के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय मां पद्मावती डांडिया रास गरबा महोत्सव का आयोजन धूमधाम से आयोजित हो रहा है। महोत्सव में पारंपरिक गीतों की धुन पर सभी ने गरबे का आनंद लिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएँ पारंपरिक वेशभूषा में उपस्थित रहीं और दुर्गा माता की आराधना की। युवा मण्डल के प्रवक्ता कविश चित्तौड़ा ने बताया कि श्री देहात दिगम्बर जैन चित्तौड़ा समाज सेवा संस्थान द्वारा युनिवरसिटी रोड स्थित तुलसी वाटिका में शाम 7 से 10 बजे तक चित्तौड़ा समाज का सामूहिक डांडिया रास महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें पहले दिन के विजेता संगीता सियावत प्रथम, प्रियंका गुडिया द्वितीय, टिना सकरावत तृतीय स्थान पर रही। वहीं दूसरे दिन के विजेता में अंशिका जैन, रम्पक गोटी, आकांक्षा जैन, प्रिया चिबोडिया, सूर्या चिबोडिया, चिराग जैन आदि विजेता रहे। अतिथि के रूप में कमलेश गुडिया, प्रकाश गुडलिया, प्रकाश अदवासिया व प्रवीण सकरावत रहे। इस अवसर पर समाज अध्यक्ष राजेश चित्तौड़ा व नवयुवक मण्डल के अध्यक्ष सुशील नवाणिया, मुख्य संरक्षक सुन्दरलाल नवाणिया, समाज सेठ धनराज सकावत, महामंत्री भंवरलाल सियावत, युवा मण्डल के मुख्य संयोजक कैलाश सकरावत, महामंत्री विजय गुडलिया, महिला प्रकोष्ठ की मुख्य संयोजिका सपना चित्तौड़ा, अध्यक्ष प्रियंका रणावत व महामंत्री प्रिया चिबोडिया आदि मौजूद रहे।

ऋषभ कुमार की निकली भव्य बारात, कल राष्ट्रसंत पुलक सागर महाराज के सानिध्य में विराट कवि सम्मेलन





24 न्यूज अपडेट

उदयपुर 29 सितम्बर । राष्ट्रसंत आचार्य पुलक सागर ससंघ का चातुर्मास सर्वऋतु विलास मंदिर में बड़ी धूमधाम से आयोजित हो रहा है । इसी श्रृंखला में सात दिवसीय ऋषभ कथा के तीसरे दिन बालक ऋषभ का जन्मोत्सव मनाया गया । चातुर्मास समिति के अध्यक्ष विनोद फान्दोत ने बताया कि प्रातः 8 बजे ऋषभ कथा, सायं 5.30 बजे बाल क्रीड़ा, ऋषभ कुमार युवराज पद दिया गया, विवाह प्रस्ताव कार्यक्रम का मंचन हुआ, उसके पश्चात ऋषभ कुमार की भव्य बरात निकाली गई, जो नगर निगम प्रांगण से सूरजपोल, बापू बाजार होते हुए कच्छ महाकच्छ महाराज के नगर में पहुंची, जहां बारात का भव्य स्वागत किया गया । कुबेर ने पूरी अयोध्या नगरी में रत्नों की वृष्टि की, बधाईयां दी गई । नृत्य और मंगल गीत गाए गए । ऋषभ कथा में माता पिता बने विनोद सीमा फांदोत, नीलकमल अजमेरा, ऋषभ कुमार उज्ज्वल भारती जैन, सौधर्म इंद्र सुनील निवेदिता महतिया अजमेर वाले, ब्रह्मोत्तर इंद्र विरेन्द्र कुमार राजकुमारी गदिया, कपिष्ट इन्द्र देवीलाल विद्या गंगावत एवं ब्रह्म इन्द्र सुशील पुष्पा चित्तौड़ा सहित कई समाजजनों ने उत्सव मनाया, रात्रि में गरबा नृत्य प्रस्तुतियां हुई । महामंत्री प्रकाश सिंघवी ने बताया कि चौथे दिन मंगलवार, 30 सितम्बर को प्रातः 8 बजे ऋषभ कथा एवं सायं 5.30 बजे युवराज का राज्याभिषेक, पुत्र-पौत्र उत्पत्ति, ब्राह्मी सुन्दरी की प्रस्तुति नीलांजना नृत्य एवं वैराग्य, आरती, गरबा नृत्य एवं कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। जिसमें देशभर से ख्यातनाम कवि सूरज राय सूरज जबलपुर, योगेंद्र शर्मा भीलवाडा, सुनील व्यास मुम्बई, चंदन राय मुम्बई, आदित्य जैन कोटा, मुकेश मासूम खातेगांव, रोहिणी पंड्या बांसवाड़ा एवं सूत्रधार बलवंत बल्लू ऋषभदेव अपनी प्रस्तुतियां दी देंगे ।

सहस्त्रबाहु नारी शक्ति संगठन ने गरबा उत्सव



24 न्यूज अपडेट

सहस्त्रबाहु नारी शक्ति संगठन द्वारा आभा फॉर्म हाउस में गरबा उत्सव मनाया गया। माता रानी की पुजन- आरती कर 7 कन्याओं का पूजन कर डांडिया रास प्रारंभ किया। संगठन की अध्यक्ष निर्मला जायसवाल ने दिविजा चौधरी को कत्थक नृत्य प्रस्तुति पर पुरस्कृत किया । समय की कीमत की पंक्चुअलिटी प्राइस सुमति सुहालका ने जीता। पूर्बिया समाज की तारा पूर्बिया को निर्विरोध अध्यक्ष बनने पर संगठन की ओर से निर्मला ने सम्मानित किया गया । सम्मान की कड़ी में संगठन की विशेष उपलब्धि हासिल करने वाली 6 सदस्यों को सम्मानित किया गया। जिसमें शांता नागर, देविका टाक ,अलका चौधरी, डॉ चेतना चौधरी, ज्योति पूर्बिया, स्नेहलता पूर्बिया को सम्मानित किया गया ।

समारोह की आयोजक रही राजश्री पुरबिया ,अलका चौधरी, प्रमिला पूर्बिया ,मनीला पूर्बिया, सोनल टाक, डॉ चेतना चौधरी ,जय श्री पटेल ,तारा पूर्बिया, ज्योति पूर्बिया , स्नेह लता पूर्बिया ने स्वागत - तिलक लगाकर स्वागत किया।, ज्योति पूर्बिया ने संचालन किया। प्रतियोगिता में बेस्ट गरबा ड्रेस कल्पना पूर्बिया, बेस्ट हेयर स्टाइल राजकुमारी सुहालका, बेस्ट डांस प्रमिला चौधरी, स्मारिका माहुर एवं अंजलि टाक को मिला । रिमझिम बारिश के बीच सभी ने स्वादिष्ट एवं सेगारी व्यंजनों का लुत्फ उठाया। धारावती सुहालका एवं कल्पना पूर्बिया ने संगठन की व्यवस्थाओं एवं मजबूती पर विशेष प्रकाश डाला ।सभी आयोजकों द्वारा धन्यवाद दिया।

बेकाबू पिकअप हनुमान मंदिर की सीढ़ियों पर चढ़ा, महिला गंभीर घायल



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, राजसमंद। जिले के नाथद्वारा में सोमवार को बड़ा हादसा हो गया। सिंहाड़ तालाब किनारे स्थित हनुमान मंदिर के बाहर फूल-माला बेच रही महिला को बेकाबू पिकअप ने टक्कर मार दी। हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, वहीं मंदिर की सीढ़ियां और दीवार भी क्षतिग्रस्त हो गईं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, फौज मोहल्ले की ओर से आ रहा पिकअप अचानक अनियंत्रित होकर सीधे मंदिर की सीढ़ियों पर चढ़ गया। उसकी चपेट में आई गौरी माली (फूल-माला विक्रेता) को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। सूचना पर श्रीनाथजी मंदिर पुलिस मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। थाना इंचार्ज मोहन सिंह ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त वाहन को जब्त कर थाने लाया गया है। फिलहाल ड्राइवर फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है। घटना को लेकर अभी तक कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई है। स्थानीय पार्षद मुकेश लौहार ने बताया कि हादसा अचानक हुआ और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। उन्होंने घायल महिला के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की और प्रशासन से पीड़ित परिवार को मदद की मांग की।

सिंधी समाज की मातृशक्ति के लिए एक्सीडेंटल बीमा योजना ने बनाया रिकॉर्ड: 5071 परिवारों ने दर्ज की भागीदारी

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। सिंधी समाज ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि समाज सेवा और आपसी सहयोग में वह अग्रणी है। समाज की मातृशक्ति को समर्पित निःशुल्क एक्सीडेंटल बीमा योजना ने देखते ही देखते नई ऊँचाइयाँ छू ली हैं। अब तक 5071 परिवारों ने आवेदन कर इस योजना में भागीदारी दर्ज कराई है, जो समाज में जागरूकता और एकजुटता का अनोखा उदाहरण है। पूर्व राज्य मंत्री व पंचायत अध्यक्ष हरीश राजानी ने बताया कि शुरुआत में यह योजना केवल उदयपुर तक सीमित थी, लेकिन सफलता और महत्ता को देखते हुए आसपास के शहरों—कांकरोली, भीम, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, बांसवाड़ा और डूंगरपुर—से भी समाजजनों के आवेदन आने लगे। इन क्षेत्रों में रहने वाले समाजजन अब झूलेलाल भवन, शक्ति नगर में सीमित समय के लिए फॉर्म जमा कर सकते हैं। राजानी ने बताया कि इस नेक कार्य में कई समाजसेवी और संगठन सक्रिय हैं। प्रमुख योगदान देने वालों में गोपाल मेहता, कमल पाहुजा, किशोर सिधवानी, अशोक लिंजारा और पूज्य सिंधी समाज उदयपुर (पूज्य जेकबआबाद पंचायत) शामिल हैं।

समाज की विभिन्न पंचायतों और संगठनों से भी अपार सहयोग मिल रहा है। इसमें वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोहर जी गूरानी, पदाधिकारी राजेश चुग, हरीश सिधवानी, भारत खत्री, सुरेश चावला, अशोक मंगवानी आदि शामिल हैं। पंचायत अध्यक्षगण जैसे मुरली राजानी, उमेश नारा, उमेश मनवानी, ओम प्रकाश आहूजा, किशन वाधवानी, सुखराम बालचंदानी, प्रताप जी चुग, अशोक गेरा, प्रकाश चंदानी, हरीश गोलानी ने भी योजना में महत्वपूर्ण योगदान दिया। युवा कार्यकर्ताओं में गिरीश राजानी, चंद्रप्रकाश, संजय खथूरिया, राजेश खत्री, विक्की राजपाल, जितेंद्र कालरा निरंतर सेवाएँ प्रदान कर रहे हैं।

सेक्टर 14 में 9 दिवसीय भव्य रामकथा का आयोजन 3 अक्टूबर से



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 29 सितम्बर। हिरण मगरी सेक्टर 14 स्थित रुद्रेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण, जे के ब्लॉक में 9 दिवसीय "रामकथा" का आयोजन 3 अक्टूबर शुक्रवार से प्रारंभ होने जा रहा है। कथा का वाचन 45 वर्षों से रामकथा करने वाले पुष्कर दास महाराज करेंगे। यह आयोजन रुद्रेश्वर महादेव विकास समिति एवं समस्त क्षेत्र वासियों की ओर से किया जा रहा है। कथा की सभी तैयारियां संपूर्ण हो चुकी है। मंदिर समिति संरक्षक महेश त्रिवेदी ने बताया कलश यात्रा 3 अक्टूबर शुक्रवार को प्रातः 9 बजे 201 कलश के साथ सोमेश्वर महादेव मंदिर, 3 बटा, बावड़ी वाला पार्क से प्रारंभ होकर कथा स्थल तक पहुंचेगी। यात्रा में सभी महिलाएं पीले वस्त्र में उपस्थित होगी। कलश यात्रा में सभी तरह की सुंदर झांकी के दर्शन भी प्राप्त होंगे। कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक रहेगा। रविवार को अध्यक्ष मनोज भट्ट के निर्देशन में बैठक सम्पन्न हुई।

23 दिन बाद मिला आयड़ में बहे युवक का शव, सिविल डिफेंस टीम ने ढूंढ निकाला



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। उदयपुर में सितंबर को हुए दर्दनाक हादसे में आयड़ नदी की तेज धारा में बहे युवक रवि का शव 23 दिन बाद आखिरकार मिल गया। सोमवार सुबह करीब 10 बजे सिविल डिफेंस उदयपुर की टीम ने अथक प्रयासों के बाद शव को कानपुर खेड़ा पुलिया के पास बरामद किया। गौरतलब है कि हादसे के दिन एक युवक को जीवित बचा लिया गया था, जबकि रवि पानी में बह गया था। उसे ढूंढने के लिए सिविल डिफेंस, एसडीआरएफ, वाल्मीकि समाज और स्थानीय लोगों की मदद से करीब 10 दिन तक सर्च ऑपरेशन चला, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। निराश होकर परिजन भी हार मान बैठे थे। रवि के पिता ने हिम्मत नहीं हारी और सिविल डिफेंस उप नियंत्रक दीपेंद्र सिंह राठौड़ को ज्ञापन सौंपकर पुनः तलाशी की मांग की। इस पर राठौड़ के निर्देशन में पिछले तीन दिनों से लगातार ऑपरेशन चलाया गया। अंततः टीम को सोमवार सुबह सफलता हाथ लगी। रेस्क्यू अभियान में कानपुर व खेड़ा के ग्रामीणों, वाल्मीकि समाज और छोटू भाई का अहम योगदान रहा। इस दौरान सर्च ऑपरेशन में चालक सुरेश सालवी, दीपक वडेरा, सचिन कंडारा, प्रकाश राठौड़, विपुल चौधरी, विष्णु राठौर, विजय नकवाल, मुकेश सेन, भवानी शंकर वाल्मीकि, पुरुषोत्तम कुमावत, नामित चौहान, जगदीश डूलावत, मनोज जीसी, नरेश चौधरी, मनीष सेन, हितेश सोलंकी, कैलाश गमेती, सुनील खटीक, नरेंद्र सिंह झाला, महेंद्र सिंह, दिनेश गमेती, दिव्यांशु वैष्णव, मसानी आदि शामिल रहे।

समाचार भेजने के लिए हमारी मेल आई-डी पर संपर्क करें -
desk24newsupdate@gmail.com

24 न्यूज अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।